बिल्डिंग प्लान का पैमाना 1 : 100 होगा।

स्थल के चारों तरफ की सीमायें उनके नाम तथा समीपवर्ती भूमि का संक्षिप्त विवरण तथा भूमि मालिक का नाम एवं पूर्ण पता।

समीपवर्ती मार्ग अथवा मार्गों का विवरण तथा निर्माणाधीन भवन से मार्ग की दूरी।

स्थल के नक्शे के साथ भूमि के स्वामित्व का प्रमाण-पत्र जैसे विक्रय आलेख दाखिल-खारिज, खतौनी आलेख।

2–प्रस्तावित भवन/परियोजना का नक्शा उपरोक्त वर्णित पैमाने के अनुसार होगा–

(अ) प्रत्येक मंजिल के ढके हुए भाग का नक्शा, पूर्ण विवरण सहित।

(ब) नक्शे पर पंजीकृत वास्तुविद का पंजीकरण नम्बर, नाम व पता सहित हस्ताक्षर।

(स) नक्शे पर भू-स्वामी अथवा स्वामियों के नाम व पता सहित हस्ताक्षर।

(य) भू-स्वामी अथवा स्वामियों द्वारा नक्शा स्वीकृति के लिये प्रार्थना-पत्र।

(र) भवन/परियोजना के बनाने व उपयोग का उद्देश्य जैसे आवासीय, व्यावसायिक, शिक्षण, धर्मार्थ अथवा जनहितार्थ भवन।

(ल) स्थल का की-प्लान, ले-आउट, फ्लोर-प्लान, एलिवेशन, भवन की ऊँचाई, सेक्शन, स्ट्रक्चर विवरण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली, बेसमेंट, लैडस्केप प्लान, वातानुकूलित प्लांट, सीवेज-जल निस्तारण व्यवस्था, अग्नि निकास, जीने की स्थिति व अन्य विवरण।

(व) नक्शे पर परियोजना का नाम, शीर्षक, भू-खण्ड का खसरा, ग्राम, तहसील सहित पूरा पता।

(स) नक्शे पर भू-खण्ड का क्षेत्रफल, ग्राउंड कवरेज, हर तल का क्षेत्रफल, बेसमेंट का क्षेत्रफल आदि का विवरण।

3–बहु–मंजिल भवन (Multy Storey) भू-तल सहित तीन मंजिल से अधिक अथवा 12 मीटर से अधिक ऊँचाई के भवन में नक्शे पर निम्नलिखित अतिरिक्त सूचना भी देनी होगा–

अग्निशमन प्रणाली की व्यवस्था, आपात सीढ़ी व निकास, अग्नि सुरक्षा लिफ्ट, अग्नि अलार्म आदि का विवरण व ठिकाने (Location)।

निर्माण कार्य एवं निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री की विशिष्टयां आदि।

(ग) नक्शा स्वीकृति प्रदान न करने की परिस्थितियाँ–

1–निम्नलिखित परिस्थितियों में भवन निर्माण, परिवर्तन, विस्तार की किसी भू-खण्ड पर स्वीकृति प्रदान नहीं की जायेगी यदि।

(अ)–प्रस्तावित भवन-उपयोग अनुमन्य भू-उपयोग से भिन्न है।

(ब) प्रस्तावित निर्माण धार्मिक प्रकृति का है और उससे किसी समाज की धार्मिक भावनाएं आहत होती हो।

(स) प्रस्तावित निर्माण का उपयोग लोगों की भावनाएं भड़कानें का स्रोत (Source of Annoyance) अथवा आस-पास रहने वालों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता हो।

(घ) तकनीकि अनुदेश (Technical Instructions)–

1–नक्शा/प्लान में निम्न अनुदेशों का पालन किया जायेगा–

(क) एक आवास गृह में 4.50 व्यक्ति प्रति गृह माना (Consider) गया है।

(ख) भवन के भू-तल पर स्टिल्ट पार्किंग अधिकतम 2.40 मीटर ऊँचाई तक अनुमन्य होगी।

(ग) लिंटल अथवा छत स्तर पर छज्जा अधिकतम क्रमशः 0.45 मीटर एवं 0.75 मीटर चौडा होगा।

(घ) बेसमेंट का निर्माण भवन की सीमा के बाहर नहीं किया जायेगा। बेसमेंट की फर्श से सीलिंग तक की अधिकतम ऊँचाई 4.50 मीटर होगी तथा बाहर की नाली से बेसमेंट की अधिकतम ऊँचाई 1.50 मीटर होगी। स्ट्रक्चर स्थिरता के आधार पर बेसमेंट सन्निकट प्लाट से 2.0 मीटर दूरी तक निर्मित किया जा सकता है।

(ङ) बहु-मंजिल भवन में कम से कम एक सामान/मालवाहक लिफ्ट का प्रावधान करना होगा।

(च) राष्ट्रीय भवन संहिता 2005 के प्रावधान के अनुसार ग्रुप हाउसिंग के दो ब्लाक में न्यूनतम 6.0 मीटर से 16 मीटर की दूरी होगी। भवन की 18.0 मीटर ऊँचाई तक 6.0 मीटर इसे पश्चात् प्रत्येक 3.0 मीटर अतिरिक्त ऊँचाई के लिए ब्लाक की दूरी 1.0 मीटर बढ़ाई जायेगी। भू-खण्ड के डैड एण्ड पर ब्लाक की अधिकतम दूरी 9.0 मीटर होगी।

(छ) बहु-मंजिल भवन में चार तलों के बाद एक सेवा तल अनुमन्य होगा। किसी भवन में अधिकतम तीन सेवा तल का प्रावधान किया जा सकता है। सेवा तल की अधिकतम ऊँचाई 2.40 मीटर होगी।

2–निम्नलिखित निर्माण/सुविधाओं के लिये भू-खण्ड का 10% क्षेत्रफल, भू-आच्छादन (Ground Coverage) में अतिरिक्त जोडा जा सकता है–

(क) जेनरेटर कक्ष, सुरक्षा मचान, सुरक्षा केबिन, गार्ड रूम, टॉयलेट ब्लाक, ड्राईवर रूम, विद्युत् उप केन्द्र आदि।

(ख) मम्टी, मशीन रूम, पम्प हाउस, जल-मल प्लांट।

(ग) ढके हुए पैदल पथ आदि।

3–**(क)** आवासीय भवन के कमरे का आकर 2.40 मीटर एवं 9.50 वर्ग मीटर से कम न होना चाहिए।

(ख) छत की सीलिंग की ऊँचाई 2.75 मीटर से कम न होनी चाहिए।

(ग) ए0सी0 कमरे की ऊँचाई 2.40 मीटर से कम न होनी चाहिए।

(घ) रसोई घर की ऊँचाई 2.75 मीटर, आकार 1.80 मीटर एवं 5.0 वर्ग मीटर से कम न होना चाहिए।

(ङ) संयुक्त संडास का आकार 1.20 मीटर एवं 2.20 वर्गमीटर से कम न होना चाहिए।

(च) खिड़की व रोशनदान का क्षेत्रफल फर्श के क्षेत्रफल का 10% से कम न होना चाहिए।

(छ) तीन मंजिल तक के भवन में सीढ़ी की चौड़ाई 1.0 मीटर एवं इससे अधिक ऊँचे भवन में 1.50 मीटर से कम न होनी चाहिये।

4—**(क)** पार्क, टोट-लोट्स, लैंड स्केप आदि का क्षेत्रफल भू-खण्ड के क्षेत्रफल का 15% होगा।

(ख) 30 मीटर तक के मार्ग पर स्थित समस्त प्रकार के भवनों की अधिकतम ऊँचाई सड़क की विद्यमान चौड़ाई तथा अनुमन्य फ्रंट सेट-बैक के योग का डेढ़ गुना होगी।

(ग) भूकम्प रोधी व सुरक्षित डिजाईन की जिम्मेदारी वास्तुविद एवं उसके अन्तर्गत कार्यरत डिजाईनर की होगी।

5—स्वीकृत किये गये भवन में जल आपूर्ति एवं मल-मूत्र एवं बेकार पानी के निस्तारण (Disposal) की व्यवस्था स्वामी द्वारा स्वयं की जायेगी जिला पंचायत का इसके लिए कोई उत्तरदायित्व व्यय अधिभार नहीं होगा।

6—बेसमेंट में इलेक्ट्रिक ट्रांसफार्मर की स्थापना ज्वलनशील, विस्फोटक सामग्री आदि का भण्डारण नहीं किया जा सकेगा।

(ड) रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम—

भवन एवं पक्की सड़कों के द्वारा भू-खण्ड के प्रत्येक 300 वर्ग मीटर के भू-आच्छादन पर एक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होगा। प्रत्येक 1,000 वर्ग मीटर के भू-आच्छादन पर एक अतिरिक्त वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करना होगा।

(च) विकसित एवं अविकसित जनपदों की सूची-1—

(क) लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा, कानपुर नगर, वाराणसी, मथुरा, इलाहाबाद, बरेली, सहारनपुर, अलीगढ़, गोरखपुर, मुरादाबाद, हापुड़, शामली, मुजफ्फरनगर, बुलन्दशहर एवं झांसी।

(ख) उपरोक्त (क) से भिन्न अन्य सभी जनपद।

(छ) भू-आच्छादन एवं फ्लोर एरिया रेशियो (F.A.R.)—

विभिन्न भवनों हेतु भू—आच्छादन एवं फ्लोर एरिया रेशियो (F.A.R.) के मानक निम्नवत् होंगे

क्र0सं0	भवन एवं भू-उपयोग	भू-आच्छादन प्रतिशत	फ्लोर एरिया रेशियो (F.AR.)	भवन की अधिकतम ऊँचाई सूची-1 के अनुसार जनपदों में (मीटर)	भवन की अधिकतम ऊँचाई अन्य जनपदों में (मीटर)
1	2	3	4	5	6
1	आवासीय भवन—				
	(i) भू-खण्ड 500 वर्ग मीटर तक	80	3.00	15	15
	(ii) भू-खण्ड 501—2000 वर्ग मीटर तक	65	4.00	15	15

1	2	3	4	5	6
2	ग्रुप हाउसिंग योजना, रैन बसेरा (Night Shelter)	50	3.00	30	21
3	औद्योगिक भवन	60	1.00	18	12
4	व्यावसायिक भवन–				
	(i) व्यावसायिक केन्द्र, शॉपिंग मॉल्स, सुविधा (Convenient) शॉपिंग केन्द्र, होटल	40	2.50	30	21
	(ii) बैंक, सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स	40	1.50	24	18
	(iii) वेयर हाउस, गोदाम	60	1.50	18	15
	(iv) दुकानें एवं मार्केट	60	1.50	15	10
5	संस्थागत एवं शैक्षणिक भवन–				
	(i) समस्त उच्च शिक्षण संस्थान, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय, डिग्री कालेज आदि।	50	1.50	24	15
	(ii) हायर सेकेंडरी, प्राईमरी, नर्सरी स्कूल, क्रेच सेन्टर आदि	50	1.50	24	15
	(iii) हास्पिटल, डिस्पेंसरी, चिकित्सालय, लैब, नर्सिंग होम आदि	75	2.50	24	15
6	धर्मार्थ अथवा जनहितार्थ भवन–	50	1.20	15	10
	(i) सामुदायिक केन्द्र, क्लब, बारात घर, जिमखाना, अग्निशमन केन्द्र, डाकघर, पुलिस स्टेशन	30	1.50	15	10
	(ii) धर्मशाला, लॉज, अतिथि गृह, हॉस्टल	40	2.50	15	10
	(iii) धर्मकांटा, पेट्रोल पम्प, गैस गोदाम, शीत गृह	40	0.50	10	6
7	कार्यालय भवन–				
	सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्पोरेट एवं अन्य कार्यालय भवन,	40	2.00	30	15
8	क्रीड़ा एवं मनोरंजन काम्प्लेक्स, शूटिंग, सामाजिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र	20	0.40	15	10
9	नर्सरी	10	0.50	6	6
10	बस स्टेशन, बस डिपो, कार्यशाला	30	2.00	15	12
11	फार्म हाउस	10	0.15	10	6
12	डेरी हाउस	10	0.15	10	6
13	मुर्गा, सुअर, बकरी फार्म	20	0.30	6	6
14	ए0टी0एम0	100	1.00	6	6

(ज) सेटबैक (Setback)

क्र0 सं0	भू-खण्ड क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	सामने (Front) वर्ग मीटर	साईड (Side) मीटर	पीछे (Reer) मीटर	लैंड स्केपिंग (Land Scaping)	खुला स्थान प्रतिशत तक
1	2	3	4	5	6	7
1	150 तक	3.0	0.0	1.5	एक वृक्ष प्रति 100 वर्ग मीटर	25
2	151–300 तक	3.0	0.0	3.0	तदैव	25
3	301–500 तक	4.5	3.0	3.0	तदैव	25
4	501–2000 तक	6.0	3.0	3.0	तदैव	25
5	2001–6000 तक	7.5	4.5	6.0	तदैव	25
6	6001–12000 तक	9.0	6.0	6.0	तदैव	25
7	12001–20000 तक	12.0	7.5	7.5	तदैव	50
8	20001–40000 तक	15.0	9.0	9.0	तदैव	50
9	40001 से अधिक	16.0	12.0	12.0	तदैव	50

(झ) पार्किंग स्थान

क्र0सं0	भवन/भू-खण्ड	पार्किंग स्थान ECU (Equivalent Car Unit)
1	ग्रुप हाउसिंग योजना	एक ECU प्रति 80 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
2	संस्थागत एवं शैक्षणिक भवन	एक ECU प्रति 100 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
3	औद्योगिक भवन	एक ECU प्रति 100 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
4	व्यावसायिक भवन	एक ECU प्रति 30 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
5	समाजिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र	एक ECU प्रति 50 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
6	लॉज, अतिथि गृह, हॉस्टल	एक ECU प्रति 2 अतिथि रूम के लिये
7	हॉस्पिटल, नर्सिंग होम	एक ECU प्रति 65 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
8	सिनेमा, मल्टीप्लेक्स	एक ECU प्रति 15 सीट्स
9	आवासीय भवन	एक ECU प्रति 150 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का

(ञ) अग्नि शमन पद्धति, अग्नि सुरक्षा एवं सर्विसेस–

1–तीन मंजिल अथवा 15.0 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों और विशिष्ट भवन यथा संस्थागत एवं शैक्षणिक भवन, व्यावसायिक भवन, हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, सिनेमा, मल्टीप्लेक्स 400 वर्ग मीटर से अधिक भू-आच्छादन के भवन में अग्नि निकास हेतु एक जीना बाहर की दीवार पर एवं अग्नि सुरक्षा के अन्य सभी प्रावधान करने होंगे। भवन के चारों तरफ बाउन्ड्री दीवार के साथ-साथ 6.0 मीटर चौड़ा मार्ग का प्रावधान करना होगा। जिसमें दमकलों के चालन हेतु कम से कम 4.0 मीटर चौड़ाई का परिवहन मार्ग (Carriage Way) होगा।

2–अग्नि निकास जीने की न्यूनतम चौड़ाई 1.20 मीटर, ट्रेड की न्यूनतम चौड़ाई 28 से0मी0, राईजर अधिकतम 19 से0मी0 एक फ्लाईट में अधिकतम राईजरों की संख्या 16 तक सीमित होगी।

3–अग्नि निकास_जीने तक पहुँच दूरी 15.0 मीटर से अधिक न होनी चाहिए।

4–घुमावदार अग्नि निकास जीने का प्रावधान 10.00 मीटर से अधिक ऊँचे भवनों में नहीं किया जायेगा।

5–उपरोक्त भवनों हेतु अग्नि शमन विभाग के सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की जिम्मेदारी भवन स्वामी की होगी।

6–उपरोक्त भवनों में उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम, (6) 2005 एवं राष्ट्रीय भवन संहिता (National Building Code) 2005 भाग-4 के अनुसार प्रावधान किया जायेगा जैसे स्वचालित स्प्रिंक्लर पद्धति, फर्स्ट एड, होज रील्स, स्वचालित अग्नि संसूचन और चेतावनी पद्धति, सार्वजनिक संबोधन व्यवस्था, निकास मार्ग के संकेत चिन्ह, फायर मैन स्विच युक्त फायर लिफ्ट, वेट राईजर डाउन कॉर्नर सिस्टम आदि।

(ट) इलेक्ट्रिक लाईन से दूरी–

क्र0सं0	विवरण	उर्ध्वाकार दूरी (मीटर में)	क्षैतिज दूरी (मीटर में)
1	2	3	4
1	लो एण्ड मीडियम वोल्टेज लाईन तथा सर्विस लाईन	2.4	1.2
2	हाई वोल्टेज लाईन 33000 वोज्टेज तक	3.7	1.8
3	एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज लाईन	3.7+(0.305 m) प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज पर	1.8+(0.305 m) प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज पर

(ठ) मोबाईल टावर्स की स्थापना–

1–अनाधिकृत रूप से निर्मित भवन पर टावर का निर्माण अनुमन्य नहीं होगा।

2–शैक्षणिक संस्थान, हास्पिटल, अधिक घनत्व वाली आवासीय बस्ती, अथवा धार्मिक भवन/स्थल आदि पर या इनके 100 मीटर के दायरे में मोबाइल टावर की स्थापना नहीं की जायेगी।

3–मोबाइल टावर की स्थापना हेतु भवन स्वामी एवं आवासीय कल्याण समिति (R.W.A.) की अनापत्ति प्रस्तुत करनी होगी।

4–सेवा आपरेटर द्वारा टावर का निर्माण कार्य किये जाने से पूर्व कांउसिल आर्केटेक्चर में पंजीकृत एवं अधिकृत स्ट्रक्चरल इंजीनियर द्वारा प्रस्तावित निर्माण का मानचित्र इस प्रमाण.पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा कि प्रस्तावित टावर प्रत्येक दृष्टि से सुरक्षित है, भवन जिस पर टावर निर्मित किया जाना है, (यदि ऐसा हो तो) भी टावर के साथ सुरक्षित है तथा प्रस्तावित कक्ष जिसका कुल क्षेत्रफल 60 वर्गमीटर से अनाधिक होगा, भवन निर्माण उपविधियों के अन्तर्गत है। स्ट्रक्चरल सेफ्टी मानकों के आधार पर भवन की सुदृढ़ता के संबन्ध में अधिकृत स्ट्रक्चरल इंजीनियर के स्थान पर आई0आई0टी0 तथा इसके समकक्ष संस्थान, लोक निर्माण विभाग, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग आदि सरकारी संस्थाओं से अनापत्ति प्रमाण.पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है।

5–टावर हेतु अनुज्ञा भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा लाईसेन्स प्राप्त सेलुलर मोबाइल/बेसिक टेलीफोन सेवा आपरेटरों को ही प्रदान की जायेगी।

6–जनरेटर केवल ''साईलैन्ट'' प्रकृति के होंगे तथा भू.तल पर ही लगाये जायेंगे।

7–यदि टावर का निर्माण भवन की छत पर किया जाता है तो टावर का निचला भाग भवन की छत से न्यूनतम 3.0 मीटर ऊपर होना चाहिए।

8–जहाँ अपेक्षित हो, वहाँ टावर के निर्माण से पूर्व एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया/वायुसेना का अनापत्ति प्रमाण.पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

9–सेवा ऑपरेटर कम्पनी और भवन स्वामी को संयुक्त हस्ताक्षर से इस आशय का शपथ.पत्र प्रस्तुत करना होगा कि यदि टावर निर्माण के फलस्वरूप आस.पास के भवनों को एवं जान.माल को किसी भी प्रकार की क्षति पहुँचती है तो उसकी क्षतिपूर्ति का समस्त दायित्व सम्बन्धित कम्पनी और भवन स्वामी का होगा।

10–सेवा प्रदाता द्वारा टावर में जनसामान्य का प्रवेश वर्जित करने के लिए समुचित उपाय यथा वायर फेंसिंग, भवनों की छतों पर जाने वाले दरवाजों पर ताला आदि के प्रावधानों के साथ टावर परिसर के प्रवेश द्वार पर, उचित स्थान पर चेतावनी सूचक साइन बोर्ड लगाना होगा जिसमें ''खतरा'', ''आर0एफ0विकिरण'', ''कृपया प्रवेश न करें'' लिखा होगा।

11–इलेक्ट्रोमैगनेटिक वेव्स, रेडियो विकिरण, वायब्रेशन (कम्पन) आदि के रूप में होने वाले दुष्परिणामों के नियन्त्रण हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार अथवा अन्य शासकीय अभिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

12–अनुज्ञा.पत्र प्राप्त करने के लिए सूची-1(क) के अनुसार प्रथम बार शुल्क के रूप में एक लाख रुपये यह शुल्क एक वर्ष की अवधि के लिए होगा।

13–अनुज्ञा-पत्र के नवीनीकरण के लिए प्रथम बार लिए गये शुल्क का 10% प्रति वर्ष जमा कराना होगा। उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई विकास शुल्क आदि नही लिया जायेगा।

नक्शा स्वीकृति की दरें (कृपया देखें भाग-छ)–

1–आवासीय भवन एवं शैक्षणिक भवन–

सूची-1**(क)** के अनुसार सभी तलों पर फर्श से ढके भाग पर रुपये 25.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

2–व्यावसायिक एवं व्यापारिक भवन–

सूची-1**(क)** के अनुसार सभी तलों पर फर्श से ढके भाग पर रु0 50.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

3–(A) भूमि की प्लाटिंग–भूमि को योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न आकार से प्लाटों में बाँटना।

(B) भूमि विकास–भूमि पर योजनाबद्ध तरीके से पार्क, उद्यान बनाना, फार्म हाउस विकसित करना, नर्सरी लगाना, बरातघर/बैंकट हाल आदि।

(C) भूमि का उपभोग–भूमि का विभिन्न प्रकार के सामानों के भण्डारण हेतु प्रयोग करना, जैसे निर्माण सामग्री, कंटेनर, ईंधन, आर0सी0सी0, पाईप आदि।

(D) किसी परियोजना का ले-आउट प्लान (तलपट मानचित्र)।

उपरोक्त 3. (A) से (D) तक सूची-1(क) के अनुसार विकसित जनपदों में रु0 10.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

4–पुरानें भवन को ध्वस्त करने के पश्चात् पुनः निर्माण करने की दशा में अनुज्ञा शुल्क की दरें नये भवन की दरों के समान होगी।

5–स्वीकृत भवन के नक्शे में संशोधन होने की दशा में अनुज्ञा शुल्क की दरें नये भवन की दरों की एक चौथाई होगी।

6–बेसमेंट, स्टिल्ट, पोडियम, सेवा क्षेत्र व अन्य आच्छादित क्षेत्र की, अनुज्ञा शुल्क में गणना की जायेगी।

7–यदि स्वीकृति के नवीनीकरण का आवेदन, अनुज्ञा अवधि समाप्ति से पूर्व किया जाता है, तो स्वीकृति के नवीनीकरण की दरें मूल दरों की 10% होगी। एक बार में अनुज्ञा की अवधि एक वर्ष व अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। अनुज्ञा अवधि समाप्ति के पश्चात् नवीनीकरण की दरें मूल दरों की 50% होगी।

8–उपविधियों के अनुसार, जिला पंचायत से नक्शों की स्वीकृति के बिना निर्माण करने, किसी भूमि पर व्यवसाय करने, स्वीकृत नक्शे से इतर निर्माण करने अथवा भू.खण्ड विकसित करने पर या इन उपविधियों की किसी उपविधि/उपविधियों का उल्लघंन करने पर अर्थदण्ड के रूप में समझौता भुल्क (Compounding Fees) रोपित किया जायेगा। समझौता शुल्क प्रस्तावित भवन अथवा ले-आउट प्लान (तलपट मानचित्र) पर परिस्थिति अनुसार, कुल शुल्क की गणना का कम से कम 20% से अधिकतम 50% अतिरिक्त होगा। समझौता शुल्क विभाग में जमा होने के उपरान्त पूर्व में निर्मित भवन के नक्शों की स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। समझौते की कार्यवाही उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 (यथा संशोधित) की धारा 248 में दी गयी व्यवस्था से नियन्त्रित होगी।

9–पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु (सभी तलों के कुल आच्छादित क्षेत्रफल पर) दरें सूची-1 (क) के अनुसार रु0 10.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

10–चार दीवारी/बाउन्ड्री वाल स्वीकृति की दरें सूची-1 (क) के अनुसार रु0 05.00 प्रति वर्ग मीटर होगी।

नोट–(शुल्क निर्धारण हेतु भवन के सभी तलों पर फर्श के कुल क्षेत्रफल की गणना करनी होगी)।

(ण) अनुज्ञा-पत्र जारी करने की प्रक्रिया–

1–स्वामी द्वारा आवेदन.पत्र के साथ प्रस्तावित भवन/परियोजना के नक्शे एवं स्वामित्व के भू-अभिलेख अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के कार्यालय में जमा किये जायेंगे एवं आवेदक को इस प्रस्तुतिकरण की दिनांकित पावती दी जायेगी।

2–ऐसे आवेदन-पत्र एवं उसके साथ संलग्नकों को अपर मुख्य अधिकारी तत्काल कार्य अधिकारी को भू-अभिलेखों के परीक्षण हेतु पृष्ठांकित कर देगा।

3–कार्य अधिकारी ऐसे प्राप्त आवेदन पर उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण करके अधिकतम एक सप्ताह में सम्बन्धित अभिलेख अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को प्रस्तुत कर देगा। कार्य अधिकारी की तैनाती न होने की दशा में उपरोक्त कार्यवाही अपर मुख्य अधिकारी द्वारा स्वयं की जायेगी।

4–कार्य अधिकारी से प्राप्त आख्या को अपर मुख्य अधिकारी तत्काल अभियन्ता, जिला पंचायत को पृष्ठांकित कर देगा।

5–अभियन्ता द्वारा प्रस्तावित परियोजना के स्थलीय सर्वेक्षण हेतु निदेशित (Designated) अवर अभियन्ता को स्थल के सर्वेक्षण हेतु आदेशित किया जायेगा।

6–अवर अभियन्ता द्वारा स्थल सर्वेक्षण की आख्या अधिकतम एक सप्ताह में अभियन्ता, जिला पंचायत को प्रस्तुत की जायेगी।

7–अवर अभियन्ता से सर्वेक्षण आख्या प्राप्त होने के उपरान्त बहुमंजिली भवन, व्यावसायिक भवन, संकटमय भवन एवं शैक्षणिक भवन अथवा अन्य महत्वपूर्ण परियोजना का नक्शा पारित करने से पहले अभियन्ता, जिला पंचायत द्वारा प्रस्तावित परियोजना के स्थल का सर्वेक्षण अनिवार्य होगा।

8–अभियन्ता द्वारा स्थल की सर्वेक्षण आख्या प्रस्तुत करने के उपरान्त सर्वेक्षण आख्या का परीक्षण किया जायेगा। परियोजना के नक्शों की स्वीकृति हेतु अवर अभियन्ता से एक अंतरिम शुल्क की गणना करके अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को सूचित किया जायेगा। आवेदक द्वारा आंगणित अन्तरिम शुल्क की 20% धनराशि अग्रिम रूप से नोटिस प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय, जिला पंचायत में जमा करनी होगी। इसके उपरान्त ही

नक्शे के विषय में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। प्रतिबन्ध यह है कि नक्शा पारित होने के स्तर पर आवेदक मांग-पत्र के अनुसार निर्धारित अवधि में यदि शुल्क जमा करता है, तो उक्त धनराशि समायोजित हो जायेगी। अन्यथा की दशा में जमा धनराशि जब्त हो जायेगी।

9–जिला पंचायत के अभियन्ता द्वारा परियोजना की संभाव्यता (Possibility), सुगमता (Convenience), साध्यता (थ्मेंपइपसपजल), तकनीकी जांच व जिला पंचायत भवन उपविधि में तकनीकी प्रावधानों एवं नक्शों का परीक्षण किया जायेगा। आवश्यकता समझने पर नक्शों में संशोधन हेतु आवेदनकर्ता को निर्देशित किया जायेगा।

10–अभियन्ता द्वारा परियोजना तकनीकि दृष्टि से सुस्थित (Sound) पाये जाने पर अपनी तकनीकी आख्या अपर मुख्य अधिकारी को अधिकतम 15 दिन में प्रस्तुत करनी होगी। अवर अभियन्ता से आंगणित शुल्क की धनराशि का विवरण प्रतिपरीक्षण (Cross Verification) कराके तकनीकि आख्या के साथ संलग्न करना होगा।

11–अपर मुख्य अधिकारी उक्त आख्या प्राप्त होने पर कार्य अधिकारी एवं अभियन्ता द्वारा प्राप्त आख्याओं का परीक्षण करके आवेदक को शुल्क जमा करने का मांग-पत्र जारी करेंगे। जिसमें आवेदक को शुल्क जमा करने के लिए एक माह का समय दिया जायेगा।

12–आवेदक द्वारा नक्शा शुल्क निर्धारित समय में जमा कराना होगा। जिला निधि की रोकड़ बही में शुल्क की प्रविष्टि के उपरान्त अपर मुख्य अधिकारी द्वारा नक्शे की स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

13–उपरोक्त समस्त कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त आवेदक की अनुज्ञा-पत्र अपर मुख्य अधिकारी एवं अभियन्ता के संयुक्त हस्ताक्षर से आवश्यक शर्तों के अनुसार जारी किया जायेगा। नक्शों पर अपर मुख्य अधिकारी एवं अभियन्ता द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

14–यदि जिला पंचायत द्वारा आवेदन प्राप्ति के दो माह के भीतर आवेदक को कोई सूचना अथवा शुल्क का मांग.पत्र जारी नहीं किया जाता है, तो आवेदक द्वारा निर्धारित दो माह की अवधि के समाप्ति के दिनांक से 20 दिन के भीतर प्रकरण अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के संज्ञान में लिखित रूप से लाया जायेगा। यदि इस पर भी अपर मुख्य अधिकारी 10 दिन में कोई कार्यवाही नहीं करता है, तो पूर्व में प्रस्तुत नक्शा एवं निर्माण की स्वीकृति मानित स्वीकृति (Deemed Sanction) मानी जायेगी।

विवाद–उक्त कार्यवाही में किसी विवाद होने की दशा में या स्वीकृत नक्शा किन्हीं कारणों से निरस्त होने की दशा में या ऐसी कार्यवाही उत्पन्न होने के दिनांक से 30 दिन के भीतर प्रकरण, अध्यक्ष, जिला पंचायत को सन्दर्भित किया जायेगा। जिसमें उनको अपना अनुदेश ऐसे प्रकरण की प्राप्ति के 30 दिन के भीतर देना होगा एवं उनका यह आदेश उभयपक्षों पर बन्धनकारी होगा।

(त) सामान्य अनुदेश (Genreal Instruction)–

1–भारत सरकार अथवा उत्तर प्रदेश सरकार या पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित ऐतिहासिक स्मारक, इमारत या स्थल के 200 मीटर के दायरे में निर्माण की अनुमति नहीं दी जायेगी। 200 मीटर से 1.50 किलोमीटर के दायरे में उपविधियों के अनुसार निर्माण हेतु मंजिलों एवं ऊंचाई की अनुमति, तत्समय आवश्यक और उचित कारण सहित दी जायेगी।

2–प्रस्तावित भू.खण्ड की सीमा से बाहर किसी भी, प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं दी जायेगी।

3–भवन के भू.तल पर स्टिल्ट पार्किंग वाहन पार्किंग, बेसमेंट वाहन पार्किंग, भण्डारण व सुविधाओं के रख-रखाव व सेवा तल भण्डारण व सुविधाओं के रख-रखाव इत्यादि हेतु उपयोग किया जाये, तो इनका क्षेत्रफल फ्लोर एरिया रेशियो (F.A.R.) में शामिल नहीं होगा।

4–निकटतम हवाई अड्डा, चाहे विमानपत्तन प्राधिकरण (Airport Authority) द्वारा नियन्त्रित हो या रक्षा विभाग अथवा अन्य शासकीय विभाग द्वारा नियन्त्रित हो, के 05 किलोमीटर की परिधि में 30 मीटर से ऊंचे भवन के आवेदनकर्ता को उक्त वर्णित प्रतिष्ठानों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना होगा।

5–उपरोक्त उपविधि में सभी बातों के होते हुए भी जिला पंचायत यदि उचित व आवश्यक समझे तो, कारणों का उल्लेख करते हुए किसी भवन में भू-आच्छादन फ्लोर एरिया रेशियो अथवा अधिकतम ऊंचाई में परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान कर सकती है।

6–उपविधियों में दी गयी सूची में उल्लिखित भवनों के अतिरिक्त भवनों एवं गतिविधियों के लिये नियमों व विनियमों का निर्धारण जिला पंचायत द्वारा इस प्रकार के समकक्ष (Similar) भवनों एवं गतिविधियों के लिए निर्धारित उपविधियों के अनुसार किया जायेगा।

7–मल्टी लेवल पार्किंग में संरचानात्मक एवं सुरक्षा की शर्तों के अधीन अधिकतम दो बेसमेंट अनुमन्य होंगे।

8–इन उपविधियों के अधीन जारी अनुज्ञा, जारी होने के दिनांक से तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध एवं मान्य होगी।

9–इन उपविधियों का पालन न करने की दशा में जिला पंचायत द्वारा सम्बन्धित उल्लघंनकर्ता के विरुद्ध सी0आर0पी0सी0 की धारा 133 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

(थ) अनुज्ञा की शर्तें–

1–अनुज्ञा-पत्र जारी होने के उपरान्त यदि यह संज्ञान में आये की भवन निर्माण नक्शे की स्वीकृति हेतु आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख फर्जी है अथवा उसके द्वारा गलत विवरण दिया गया है, तो जिला पंचायत द्वारा दी गयी नक्शे की स्वीकृति निरस्त की जा सकती है, किया गया निर्माण ध्वस्त किया जा सकता है अथवा सील किया जा सकता है।

2–अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को अधिकार होगा की वह अभियन्ता की संस्तुति पर पंजीकृत वास्तुविद् द्वारा प्रस्तुत नक्शे में संशोधन अथवा परिवर्तन कर दे अथवा यथारूप स्वीकार कर दें।

3–पंजीकृत वास्तुविद् द्वारा तैयार एवं हस्ताक्षरित नक्शे ही मान्य होंगे। परियोजना का डिजाइन वास्तुविद् के अधीन कार्य करने वाले योग्य अभियन्ता द्वारा करया जायेगा।

4–कोई भी व्यक्ति, कम्पनी, फर्म या संस्था, राजकीय विभाग अथवा ठेकेदार आदि द्वारा प्रस्तावित मानचित्र जिला पंचायत से स्वीकृत होने के बावजूद अन्य उन सभी विभागों से जिनसे लाईसेन्स/अनापत्ति प्रामण-पत्र लिया जाना आवश्यक है, उनसे लाईसेन्स/अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

दण्ड

उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 (यथा संशोधित) की धारा 240 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत, मैनपुरी यह निर्देश देती है कि जो भी स्वामी इन उपविधियों का उल्लंघन करेगा, वह अर्थ-दण्ड से दण्डनीय होगा। जो अंकन रु0 1,000.00 तक होगा, जो प्रथम दोश सिद्ध होने के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिये, जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता रहा है, रु0 50.00 प्रतिदिन हो सकेगा अथवा अर्थ-दण्ड का भुगतान न किया जाये जो कारावास से दण्डित किया जायेगा, जो कि तीन माह तक हो सकेगा।

अमित गुप्ता,
आयुक्त,
आगरा मण्डल, आगरा।

सं0 2105/विकास सहायक/2021-22–जनपद मैनपुरी के ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले मोबाइल टावरों एवं अन्य व्यवसायिक टावरों आदि को नियंत्रित एवं विनियमित करने हेतु उपविधि बनायी है, यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत् उपविधि के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर जिला पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक से प्रेषित कर सकते हैं, इस अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्तियों/सुझावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 239(2) के अन्तर्गत जनपद मैनपुरी के ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले मोबाइल टावरों एवं अन्य व्यवसायिक टावरों आदि के नियन्त्रण करने हेतु निम्नांकित उपविधि बनाई गई है, जो राजकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी।

उपविधि

1–यह उपविधि मोबाइल टावरों एवं अन्य व्यवसायिक टावरों आदि संचालन एवं नियन्त्रण उपविधि कहलायेगी।

2–यह उपविधि जिला पंचायत मैनपुरी के समस्त ग्रामीण अंचल की वर्तमान और भविष्य में लगने वाले टावरों को नियन्त्रित करेगी।

3–आयुक्त, आगरा मण्डल, आगरा द्वारा पुष्टि होने एवं तत्पश्चात् गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी।

1–परिभाषायें–ग्रामीण क्षेत्र का तात्पर्य उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की (यथा संशोधित अधिनियम, 1994) धारा 2 (10) में यथा परिभाषित जनपद मैनपुरी के ग्राम्य क्षेत्र से है।

2–टावरों का अर्थ टावर से है, जिसका उपयोग व्यवसायिक रूप से हो रहा है–

(1) कोई भी व्यक्ति/प्रतिष्ठान का मालिक अथवा साझेदार जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में टावर तब तक नहीं लगा सकेगा जब तक उसने निर्धारित शुल्क जिला पंचायत में जमा करके लाइसेन्स न प्राप्त कर लिया हो।

(2) किसी टावर के मालिक को इस आधार पर छूट नहीं प्रदान की जायेगी कि उसने अन्य किसी निकाय अथवा संस्था अथवा सरकारी विभाग से अनुज्ञा-पत्र/लाइसेन्स प्राप्त कर लिया है। यदि टावर ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत है तो उसे प्रत्येक दशा में जिला पंचायत से लाइसेन्स लेना अनिवार्य है।

(3) इस उपविधि के अधीन लाइसेन्स पाने वाले व्यक्ति व पड़ोस के निवासियों की स्वास्थ्य सुरक्षा आदि के लिये निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा–

[क] टावर पड़ोस की सबसे ऊंची इमारत से आठ मीटर ऊंचाई से कम का नहीं होगा।

[ख] साधारण शोरगुल रोकने के लिये टावर के अहाते में शोरगुल रोकने वाले यंत्र (साईलेन्सर) को जहां आवश्यक हो लगाया जाना चाहिए।

[ग] टावर की देख-रेख हेतु लगाये गये मजदूर 18 वर्ष से कम आयु का नहीं होगा।

[घ] टावर हेतु आवश्यक भवन आदि के फर्श की नालियां पक्की होनीं चाहिए तथा उनकी आवश्यकतानुसार मरम्मत होती रहे। प्रयोग किये हुए पानी को बाहर निकालने के लिए ऐसी नालियां बनाई जायें जो स्वास्थ्य की दृष्टि से अपेक्षित हों।

[ङ] लाइसेन्स अधिकारियों के सन्तोषानुसार टावर का आहाता सभी समय स्वच्छ, स्वास्थ्यप्रद और सन्तोषजनक अवस्था में रखना होगा।

[च] ऐसे व्यक्ति को टावर में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जायेगी जो किसी संक्रामक रोग से ग्रसित हो।

[छ] शासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा या स्वच्छता की दृष्टि से अपनाई गई नीतियों से सम्बन्धी शासनादेश स्वतः लागू समझे जायेंगे।

[ज] टावर स्वामी द्वारा इस आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जायेगा कि प्रश्नगत् टावर का निर्माण प्रशिक्षित अभियन्ता की देख-रेख में किया गया है एवं वह पूर्ण रूपेण सुरक्षित है। इससे किसी भी प्रकार की जनहानि होने की संभावना नहीं है। दुर्घटना की स्थिति में वह स्वयं उत्तरदायी होगा।

4–मुख्य अधिकारी/अपर मुख्य अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत कोई अधिकारी लाइसेंसिंग अधिकारी होगा।

5–उपविधि में वर्णित दण्ड के अतिरिक्त किसी भी धारा के उल्लंघन करने पर लाइसेन्स अधिकारी/अध्यक्ष को लाइसेन्स रद्द अथवा निलम्बित करने का अधिकार होगा।

6–लाइसेन्स अधिकारी के निर्णय से क्षुब्ध कोई व्यक्ति ऐसे निर्णय के दिनांक से 30 दिन के अन्दर अध्यक्ष, जिला पंचायत के यहां अपील कर सकेगा और अध्यक्ष का फैसला अन्तिम होगा उक्त दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा।

7–लाइसेंन्सिंग की अवधि एक वर्ष की होगी जो कि 01 अप्रैल (एक अप्रैल) से प्रारम्भ तथा 31 मार्च (इकत्तीस मार्च) को समाप्त होगी। मध्य सत्र में जारी होने वाले लाइसेन्स की अवधि भी सत्र के 31 मार्च को समाप्त हो जायेगी।

8–प्रत्येक टावर के प्रोपराइटर को रु0 25,000.00 (रु0 पच्चीस हजार मात्र) लाइसेन्स शुल्क का भुगतान करना होगा तभी वह जिला पंचायत से लाइसेन्स पाने का हकदार होगा।

9–केन्द्र अथवा राज्य सरकार या अन्य कोई विधि विहित संस्था के नियन्त्रण हेतु लाइसेन्स यदि कोई हो, से भिन्न यह लाइसेन्स होगा।

10–इन उपविधियों के अन्तर्गत बनने वाले लाइसेन्स का नवीनीकारण 30 अप्रैल तक प्रति वर्ष आगामी वर्ष के लिए कराना आवश्यक होगा जिससे उपविधि की धारा 8 की तालिका में वर्णित दरें ही प्रभावी होंगी, 30 अप्रैल के पश्चात् रु0 100,00 प्रतिमाह की दर से विलम्ब शुल्क देय होगा, तभी नवीनीकारण किया जा सकेगा। विलम्ब की अवधि मई से प्रारम्भ होगी।

दण्ड

उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 (यथा संशोधित अधिनियम, 1994) की धारा 240 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत, मैनपुरी निर्देश देती है कि उपरोक्त में से किसी भी उपविधियों का उल्लंघनकर्ता को न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध होने पर अंकन रू0: 1000.00 तक का अर्थ दण्ड किया जा सकता है तथा प्रथम दोष सिद्ध हो जाने के बाद प्रत्येक ऐसे दिवस के लिए जिसमें उल्लंघन जारी रहा है तो वह रु0 50.00 प्रतिदिन के हिसाब से अर्थदण्ड किया जा सकता है और अर्थदण्ड जमा न होने पर तीन माह का कारावास का भी दण्ड दिया जा सकता है।

अमित गुप्ता,
आयुक्त,
आगरा मण्डल, आगरा।

पी0एस0यू0पी0–14 हिन्दी गजट–भाग 3–2022 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 2 जुलाई, 2022 ई० (आषाढ़ 11, 1944 शक संवत्)

भाग 8

सरकारी कागज-पत्र, दबाई हुई रूई की गांठों का विवरण-पत्र, जन्म-मरण के आंकड़े, रोगग्रस्त होने वालों और मरने वालों के आंकड़े, फसल और ऋतु सम्बन्धी रिपोर्ट, बाजार-भाव, सूचना, विज्ञापन इत्यादि।

कार्यालय, नगरपालिका परिषद्, गाजीपुर

28 जून, 2022 ई0

सं0 219/23-स्वकर गजट/न0पा0प0गा0(2022-23)–नगरपालिका परिषद्, गाजीपुर द्वारा पूर्व में स्वकर निर्धारण सम्बन्धी स्वीकृत करते हुये सरकारी गजट उ0प्र0, इलाहाबाद के दिनांक 05 मई, 2012 के अंक में अन्तिम रूप से प्रकाशित करते हुये विभिन्न वृहद् प्रावधानों के साथ दरें निर्धारित करते हुये उपविधि लागू की गयी थी, जिसे नगरपालिका परिषद् गाजीपुर के मा0 बोर्ड द्वारा अपनी बैठक दिनांक 29 दिसम्बर, 2021 को स्वकर की दरें अधिक होने के कारण नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 136 व धारा 132(2) के अन्तर्गत घटाये जाने का प्रस्ताव किया है। तद्नुपालन में निम्नानुसार उपविधि संशोधित की जाती है–

संक्षिप्त नाम एवं विस्तार और प्रारम्भ–

1–यह नियमावली नगरपालिका परिषद् गाजीपुर सम्पत्ति कर/स्वकर संशोधन नियमावली, 2022 कही जायेगी।

2–यह नियमावली नगरपालिका परिषद्, काजीपुर के क्षेत्रान्तर्गत लागू होगी।

3–यह नियमावली गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी।

बोर्ड द्वारा स्वीकृत स्वकर के दरों के संशोधन सम्बन्धी प्रस्ताव के अनुसार आवासीय दरों में पूर्व उपविधि दिनांक 05 मई, 2012 से लागू दरों में 50 प्रतिशत की कमी की जाती है व गैर आवासीय (वाणिज्यिक) भवनों आदि पर आवासीय से छः गुना दरें निर्धारित की जाती है तथा पूर्व में बढ़े हुये दर से जमा हुये धनराशि का जो अन्तर होगा उसका समायोजन आगामी वर्षों में किया जायेगा, शेष समस्त प्रावधान पूर्व उपविधि के ही लागू होंगे। यह संशोधन नियमावली पूर्व सम्पत्ति कर/स्वकर नियमावली दिनांक 05 मई, 2012 की ही अंग मानी जायेगी।

ह0 (अस्पष्ट),
अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद्,
गाजीपुर।

सूचना

मे0 त्रिवेणी क्वायर इन्डस्ट्रीज जिसमें कि पांच पार्टनर श्रीमती चम्पा देवी जायसवाल, श्रीमती सुधा जायसवाल, श्री दिलीप जायसवाल, श्रीमती उर्मिला सिह एवं श्री विरेन्द्र जायसवाल हैं। दिनांक 01 अप्रैल, 2022 को श्रीमती चम्पा देवी जायसवाल स्वेच्छा से अपने को फर्म की साझेदारी से सेवामुक्त (रिटायरमेंट) कर लिया है।

विरेन्द्र जायसवाल,

पार्टनर,

मे0 त्रिवेणी क्वायर इन्डस्ट्रीज,

976, मुट्ठीगंज, प्रयागराज।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा घर का नाम पार्थ सिंह पुत्र संजय सिंह है। मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम हर्ष वर्धन सिंह पुत्र संजय सिंह अंकित है। त्रुटिवश मेरे एल0आई0सी0 पालिसी नं0-310868595 में मेरा घर का नाम पार्थ सिंह अंकित हो गया है। उपरोक्त दोनों नाम मेरा ही है। भविष्य में मुझे हर्ष वर्धन सिंह पुत्र संजय सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये।

हर्ष वर्धन सिंह,

निवासी-फ्लैट नं0-97,

स्वास्तिक मैग्नोलिया, अपार्टमेन्ट,

15/17, कमला नेहरू मार्ग, प्रयागराज।

सूचना

फर्म मेसर्स वी0एम0 कान्ट्रैक्टर वत्रा बिल्डिंग अम्बाला रोड, सहारनपुर जिसका पंजीकरण 09 जनवरी, 2014 को उपनिबन्धक फर्म्स सोसायटी द्वारा हुआ था, फर्म्स में 1–विशम्भरलाल, 2–रविन्द्र कुमार वत्रा, 3–कवलजी सिंह वत्रा, 4–रवनीत सिंह पार्टनर थे। दिनांक 06 जनवरी, 2022 को विशम्भरलाल पार्टनर की मृत्यु हो गयी तथा उसी दिनांक को महेश कुमार वासदेव फर्म्स में नये पार्टनर के रूप में शामिल हो गये, वर्तमान में रविंद्र कुमार वत्रा, कवलजीत सिंह वत्रा, रवनीत सिंह वत्रा और महेश कुमार वासदेव फर्म्स में पार्टनर रह गये हैं।

रवनीत सिंह वत्रा,

पार्टनर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बचपन का पुकारने का नाम अंकुर सिद्धार्थ एवं मेरे समस्त शैक्षिक एवं अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मोहित कुमार पुत्र स्व0 रामरतन दर्ज है। भविष्य में मुझे मोहित कुमार पुत्र स्व0 रामरतन के नाम से जाना व पहचाना जाये एवं मेरे समस्त अभिलेखों में मेरा नाम मोहित कुमार दर्ज कर लिया जाये।

मोहित कुमार,

पुत्र स्व0 रामरतन,

निवासी ग्राम टिकौली, पोस्ट अटरिया,

परगना मनवा, जनपद सीतापुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बचपन का नाम तेजपाल एवं मेरे समस्त शैक्षिक एवं अन्य अभिलेखों में मेरा नाम राम औतार पुत्र परागी, निवासी ग्राम बिनौरा, पो0 किशुनपुर, तहसील मिश्रिख, जिला सीतापुर के नाम से जाना व पहचाना जाये एवं मेरे समस्त अभिलेखों में मेरा उक्त नाम दर्ज किया जाये।

राम औतार,

पुत्र परागी,

निवासी ग्राम बिनौरा, पो0 किशुनपुर,

तहसील मिश्रिख, जिला सीतापुर।

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स एवरग्रीन इन्टर प्राइजेज, 491/38ग, बगिया, मुंशीगंज, डालीगंज, जिला लखनऊ की साझेदारी फर्म 1932 साझेदारी अधिनियम के अन्तर्गत लखनऊ से पंजीकृत है। फर्म में दो साझेदार क्रमशः श्री प्रवीन शुक्ला एवं श्री प्रकाश शुक्ला थे, जिनमें से दिनांक 08 जून, 2022 को श्री प्रकाश शुक्ला पुत्र स्व0 रामाधार शुक्ला फर्म की साझेदारी से आपसी सहमति से निकल रहे हैं तथा उनके स्थान पर इसी तिथि से एक नयी साझेदार श्रीमती कुसुम शुक्ला पत्नी श्री प्रवीन शुक्ला, निवासी 491/38ग, बगिया, मुंशीगंज,

डालीगंज, जिला लखनऊ फर्म की साझेदारी में शामिल हो रही हैं। जिसकी सूचना दी जा रही है।

प्रवीन शुक्ला,
साझेदार,
एवरग्रीन इन्टर प्राइजेज,
491/38ग, बगिया, मुंशीगंज, डालीगंज,
जिला लखनऊ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म, मेसर्स किसान वेनियर एण्ड प्लाईवुड इन्डस्ट्रीज, 559खा/370, न्यू श्रीनगर, आलमबाग, लखनऊ-226005, रजि0 नं0-LUC/0002821 का पंजीकरण दिनांक 11 मार्च, 2019 एवं संशोधन दिनांक 23 जनवरी, 2020 को कराया गया पूर्व का नाम मां दुर्गा वेनियर से परिवर्तित कर किसान वेनियर एण्ड प्लाईवुड इन्डस्ट्रीज कर दिया गया था जिसमें दीपक सेवक प्रथम, सपना अग्रवाल द्वितीय एवं सबूर खान तृतीय साझीदार थे, जिसमें प्रथम साझीदार दीपक सेवक एवं द्वितीय साझेदार सपना अग्रवाल दिनांक 24 मार्च, 2022 से फर्म की साझेदारी से हट गये हैं जिनके स्थान पर सिकंदर खान पुत्र सबूर खान को दिनांक 24 मार्च, 2022 से शामिल कर लिया गया है। उक्त तिथि से पूर्व के प्रथम एवं द्वितीय साझेदार का भविष्य में कोई लेना-देना नहीं होगा। वर्तमान में उक्त फर्म में सबूर खान प्रथम एवं सिकंदर खान द्वितीय साझेदार के रूप में सम्मिलित हैं तथा फर्म का स्थान परिवर्तित करके 534, ओपारी मंडई, सण्डीला, महतवाना, जिला-हरदोई-241204 कर दिया गया है।

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक रूप से औपचारिकताओं का पालन स्वयं मेरे द्वारा किया गया है।

सबूर खान,
साझेदार,
मेसर्स किसान वेनियर,
एण्ड प्लाईवुड इन्डस्ट्रीज।

सूचना

मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम MOHD RAFIQ AHMAD तथा कुछ अभिलेखों में MUHAMMAD RAFIQ AHMAD अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम मेरा ही है। भविष्य में मुझे MOHD RAFIQ AHMAD पुत्र इस्तियाक अहमद के नाम से जाना व पहचाना जाये।

मो0 रफीक अहमद,
MOHD RAFIQ AHMAD,
ग्राम शुकुलपुर गड़वारीपुर,
पो0 गड़वारा, प्रतापगढ़।

सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स माँ जगदम्बा रीयल स्टेट, 598, सफीपुर, लाल बंगला, कानपुर, रजि0 सं0-K-11519 पर दिनांक 29 दिसम्बर, 2015 को पंजीकृत है। फर्म की भागीदारी डीड दिनांक 16 अप्रैल, 2013 के अनुसार फर्म की भागीदारी में श्रीमती नीतू सिंह व श्री अमर बहादुर साझीदार थे तथा दिनांक 22 मई, 2014 को साझीदारी में श्रीमती तेजपती देवी व श्री रोहित सिंह को शामिल किया गया है। भागीदारी डीड दिनांक 31 जनवरी, 2015 को साझीदार श्री अमर बहादुर साझीदारी से पृथक् हो गये हैं। भागीदारी श्रीमती तेजपती देवी पुत्री श्री दान बहादुर सिंह पत्नी श्री पारस नाथ सिंह का दिनांक 06 अक्टूबर, 2018 को स्वर्गवास हो गया है। भागीदारी डीड दिनांक 15 अक्टूबर, 2018 के अनुसार वर्तमान में फर्म में श्रीमती नीतू सिंह व श्री रोहित सिंह साझीदार हैं।

श्रीमती नीतू सिंह,
पार्टनर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेसर्स क्लोव कैटेरेर्स एण्ड कन्फैक्सनर्स, 382, सैकिण्ड फ्लोर, नीति खण्ड-2, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद-201014 की साझीदारी में श्री रणजीत गौतम एवं श्री आनन्द भारती थे। दिनांक 20 अक्टूबर, 2021 को श्री आनन्द भारती का स्वर्गवास होने के कारण उनके स्थान पर उनकी पत्नी श्रीमती अंजना भारती सम्मिलित हुई हैं। दिनांक 21 अक्टूबर, 2021 की साझीदारीनामा के अनुसार श्री रणजीत गौतम एवं श्रीमती अंजना भारती साझीदार हैं। यह घोषणा करता

हूं कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं।

रणजीत गौतम,
साझीदार,
मेसर्स क्लोव कैटेरर्स एण्ड,
कन्फैक्सनर्स, 382, सैकिण्ड फ्लोर,
नीतिखण्ड-2, इन्दिरापुरम्,
गाजियाबाद–201014।

सूचना

मेरे पुत्र कार्तिकेय शर्मा के CBSE बोर्ड 10वीं व 12वीं के अंक-पत्र प्रमाण-पत्र में त्रुटिवश मेरा नाम R.V. Sharma दर्ज है। जबकि सही नाम Ram Vinay Sharma पुत्र रामानन्द शर्मा, गली नं0 4 लक्ष्मीधाम कालोनी, न्यू माधोनगर सहारनपुर है।

राम विनय शर्मा,
पुत्र रामानन्द शर्मा,
गली नं0 4, लक्ष्मीधाम कालोनी,
न्यू माधो नगर, सहानपुर-247001

पी0एस0यू0पी0–14 हिन्दी गजट–भाग 8–2022 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।